CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 147 ▫ रायपुर, शनिवार 21 जून 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

# भारत में बने वर्ल्ड रिकॉर्ड, गिनीज बुक में दर्ज हुआ गुजरात और आंध्र प्रदेश का नाम

## प्रदेश में राज्यपाल डेका से लेकर डिप्टी सीएम, मंत्री, विधायक, सांसद ने किया योगाभ्यास

**नई दिल्ली/रायपुर**, 21 जून (न्यूज चैनल)। पूरे देश में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की धूम रही। भारत ने योग दिवस पर विशेष उपलब्धि हासिल की। गुजरात और आंध्र प्रदेश ने योग में रिकॉर्ड कायम करते हुए गिनीज बुक में अपना नाम दर्ज कराया। प्रधानमंत्री मोदी के गृह राज्य गुजरात और गृह नगर वडनगर ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। यहां दो हजार लोगों ने दो मिनट नौ सेकेंड तक भुजंगासन करके यह उपलब्धि हासिल की। वहीं आंध्र प्रदेश ने दो गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए। यहां तीन लाख लोगों ने एक साथ योग करके वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। वहीं 2,000 आदिवासी छात्रों ने एक साथ 108 मिनट में 108 सूर्य नमस्कार करके बड़ी उपलब्धि हासिल की। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के आधिकारिक निर्णायक रिचर्ड स्टनिंग ने बताया कि योग में कोबरा मुद्रा (भुजंगासन) करने वाले सबसे अधिक लोगों का रिकॉर्ड शनिवार को बना। हमने रिकॉर्ड के लिए प्रतिभागियों की न्यूनतम संख्या 250 तय की थी। उन्हें कम से कम एक मिनट के लिए कोबरा मुद्रा में योग करना था। करीब 2184 प्रतिभागियों ने इसमें भाग लिया और दो मिनट और नौ सेकेंड तक 2121 प्रतिभागियों ने योग किया। उन्होंने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड को तोड़ा। इसमें शामिल सभी लोगों को बधाई, और यह एक शानदार उपलब्धि है।

इधर छत्तीसगढ़ में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पूरे प्रदेश में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका ने जहां इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषि मण्डपम में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए. वहीं उप मुख्यमंत्री अरुण साव, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा सहित तमाम साय मंत्रिमंडल के तमाम सदस्यों, सांसद, विधायक और तमाम जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों-कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं के साथ योगाभ्यास किया.

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर रायपुर स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषि मण्डपम में एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य थीम के तहत आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल रमेन डेका के साथ बड़ी संख्या में लोग शामिल होने पहुँचे. स्कूली छात्र-छात्राएँ, विभिन्न संगठनों के कर्मचारी, दिव्यांगजन और ट्रांसगेंडर समुदाय के लोगों ने सामूहिक योगाभ्यास किया. कृषि मण्डपम में आयोजित योग कार्यक्रम में विधायक सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, अनुज शर्मा, कुलपति डॉ गिरीश चंदेल, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, संभागायुक्त महादेव कावरे, कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह, एसएसपी लाल उमेंद सिंह, निगम कमिश्नर विश्वदीप मौजूद रहे. सभी जनप्रतिनिधियों ने योगाभ्यास कर स्वस्थ रहने का संदेश दिया.

### उप मुख्यमंत्री साव ने बताया योग का महत्व

योग दिवस के अवसर पर मुंगेली में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विधायक पुन्नूलाल मोहले सहित जिले के अधिकारी -कर्मचारी और स्कूली बच्चों ने योग किया. इस दौरान उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि योग को हम सभी को नियमित रूप से करना चाहिए. योग हमे शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत करता है. हमारा आत्मविश्वास बढ़ता है.

### उप मुख्यमंत्री शर्मा ने कवर्धा में किया योग

योग दिवस के अवसर पर कवर्धा पीजी कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा स्कूटी से पहुंचे. कार्यक्रम में कलेक्टर गोपाल वर्मा, एसपी धर्मेंद्र सिंह छवाई सहित जिले के जनप्रतिनिधियों के साथ आमजन ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया.

### वित्त मंत्री चौधरी के साथ महापौर ने किया योगाभ्यास

योग दिवस के अवसर पर रायगढ़ के बोईरदादर स्टेडियम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसमें प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी, निगम महापौर जीवर्धन चौहान सहित अन्य नेताओं और आम लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए.

### स्वास्थ्य मंत्री ने दिया स्वस्थ जीवन, श्रेष्ठ जीवन

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नगर पंचायत झगराखांड़ स्थित मांगलिक भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था. स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में बारिश के बावजूद आमजन में योग के प्रति उत्साह और समर्पण देखने को मिला. आयोजन स्थल पर सैकड़ों की संख्या में नागरिकों की उपस्थिति रही, जिन्होंने सामूहिक योग कर स्वस्थ जीवन, श्रेष्ठ जीवन का संदेश दिया. कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन सिंह, डीएफओ मनीष कश्यप, एसडीएम लिंगराज सिदार, संयुक्त कलेक्टर सीएस पैकरा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी योगाभ्यास में सम्मिलित हुए. कार्यक्रम में जिलेभर के अधिकारियों के साथ आमजन की उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिली.

### कृषि मंत्री नेताम ने किया तितली आसन

अंतर्राष्टीय योग दिवस के अवसर पर बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित हाई स्कूल मैदान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था. मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद कृषि मंत्री राम विचार नेताम के साथ कलेक्टर, डीएफओ, जिला पंचायत सीईओ सहित जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए.

### सांसद देवेंद्र प्रताप के साथ अधिकारियों ने किया योगाभ्यास

योग दिवस पर सक्ती के सामुदायिक भवन में आयोजित योग अभ्यास कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह के साथ कलेक्टर, एडीएम सहित जिले भर के अधिकारियों के साथ स्कूली छात्र-छात्राओं ने योगाभ्यास किया. योगाभ्यास के बाद एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण किया गया.

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने लिया स्वस्थ जीवन का संकल्प

विश्व योग दिवस के अवसर पर जगदलपुर के इंदिरा स्टेडियम में आयोजित योग साधना कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव के साथ बड़ी संख्या में प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, शहरवासी और स्कूली छात्र-छात्राओं ने योगाभ्यास कर योग कर स्वस्थ जीवन का संकल्प लिया. प्रदेश अध्यक्ष सिंहदेव ने इस मौके पर छत्तीसगढ़ वासियों के साथ बस्तरवासियों को योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक नहीं, बल्कि मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य के लिए भी जरूरी है. उन्होंने योग को भारत की प्राचीन परंपरा बताते हुए कहा कि आज यह दुनिया भर में अपनाया जा रहा है.

### सांसद नाग ने कांकेर में किया योगाभ्यास

कांकेर जिला मुख्यालय स्थित शासकीय नरहरदेव स्कूल में अंतराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया. योग संगम एवं हरित योग थीम पर हो रहे इस आयोजन में कांकेर लोकसभा सांसद भोजराज नाग के साथ सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया.

## योग भारत की सौम्य शक्ति और संपूर्ण मानव जाति की साझा विरासत : द्रौपती मुर्मू



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को योग को भारत की सौम्य शक्ति का एक शानदार उदाहरण बताया और कहा कि योग अब पूरी मानव जाति की साझा विरासत बन गया है। योग दिवस के अवसर पर यहां पुलिस लाइन में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि जब से संयुक्त राष्ट्र ने 2015 में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) के रूप में मनाने के भारत के प्रस्ताव को अपनाया है, तब से दुनिया भर के अधिकतर देशों ने योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बना लिया है और इससे लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा, ''यह अब पूरी मानव जाति की साझा विरासत बन गया है।'' योग की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय लोकप्रियता का उदाहरण देते हुए उन्होंने कुवैत की योग साधक शीखा शेखा अली अल-जबर अल सबा का उल्लेख किया, जिन्हें योग को बढ़ावा देने और इसके माध्यम से संस्कृतियों को एकीकृत करने के लिए भारत सरकार ने पद्मश्री से सम्मानित किया था। राष्ट्रपति ने कहा, ''योग किसी धर्म, संप्रदाय या समुदाय से जुड़ा नहीं है। यह स्वस्थ जीवन जीने की एक कला है।'' उन्होंने सभी से मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए इसे दैनिक अभ्यास के रूप में अपनाने की अपील की।

## सिडनी से लेकर एवरेस्ट और समुद्र के विस्तार तक, योग सभी का : नरेन्द्र मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में योग दिवस समारोह में भाग लिया। उन्होंने यहां करीब तीन लाख लोगों के साथ योग किया। समारोह में पीएम मोदी ने योग के जरिये वैश्विक शांति और सद्भावना कायम करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि योग पृथ्वी के हर कोने तक पहुंच गया है। स्वास्थ्य और शांति का वैश्विक प्रतीक बन गया है। उन्होंने कहा कि चाहे सिडनी ओपेरा हाउस की सीढ़ियां हों, एवरेस्ट की चोटियां हों या समुद्र का विस्तार। हर जगह संदेश एक ही है - योग सभी का है और सभी के लिए है। योग की वैश्विक स्वीकृति सिर्फ प्रतीकात्मक नहीं है, बल्कि यह मानव कल्याण के लिए एक संयुक्त प्रयास है।

## योग का अर्थ है जोड़ना, जीवन में इसे जोड़े : विष्णुदेव साय



जशपुर, 21 जून (हाईवे चैनल)। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ में विभिन्न स्थानों पर योग कार्यक्रम आयोजित किए गए. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर जिले के रणजीता स्टेडियम में योगाभ्यास किया. इस दौरान महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, योग आयोग के अध्यक्ष रूप नारायण सिन्हा कार्यक्रम में शामिल हुए. वहीं बड़ी संख्या में लोगों योग कर स्वस्थ्य रहने का सन्देश दिया.

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि योग हमारे देश की प्राचीन परंपरा है और लोग वर्षों से इसका अभ्यास करते आ रहे हैं. उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनकी पहल से 21 जून को अंतर्राष्टीय योग दिवस के रूप में मनाया जाने लगा, जिससे योग को वैश्विक पहचान मिली. मुख्यमंत्री साय ने लोगों से अपील की कि वे योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और दिन में कम से कम कुछ समय योग को जरूर दें. योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं, क्योंकि योग का अर्थ है जोड़ना. इसे अपने जीवन से जोड़ें. आज योग केवल भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरी दुनिया इसे अपना रही है. उन्होंने बताया कि वे खुद हर रोज़ 25-30 मिनट योग करते हैं, कपालभाति करने से उनका वजन कम हुआ है. रोग से बचने और स्वस्थ जीवन के लिए योग जरूरी है. सीएम साय ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के दौरे को लेकर कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ दौरे पर आ रहे हैं. सरकार नक्सलवाद को विकास में सबसे बड़ी बाधा मानती है और इसे समाप्त करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने ठान लिया है कि मार्च 2026 तक लगातार ऑपरेशनों के जरिए प्रदेश को नक्सल मुक्त किया जाएगा. नक्सलवाद अब अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है. इसके पूरी तरह समाप्त होने के बाद छत्तीसगढ़, विशेषकर बस्तर क्षेत्र, तेज़ी से विकास की राह पर अग्रसर होगा. अंतराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए. इस दौरान 10 साल की मूकबधिर बालिका वर्षा मिश्रा ने मंच पर किया योग. सीएम साय ने बच्ची को स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जिले में 30 करोड़ 82 लाख रुपये की लागत से बनने वाले 15 विकास कार्यों का भूमिपूजन और 4 कार्यों का लोकार्पण किया.



## ब्रेकिंग न्यूज

### बिहार चुनाव से पहले सरकार ने बढ़ाई पेंशन की राशि, अब हर महीने मिलेंगे 1100 रुपए

**नई दिल्ली**, 21 जून (न्यूज चैनल)। बिहार की नीतीश सरकार ने चुनाव से पहले विधवा, वृद्ध और दिव्यांगों को बड़ी सौगात दी है। दरअसल, सरकार ने पेंशन की राशि बढ़ा दी है। अब हर महीने 400 रुपए की बजाए 1100 रुपए पेंशन मिलेगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक्स पर पोस्ट कर इस बात की जानकारी दी है। नीतीश कुमार ने लिखा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत सभी वृद्धजनों, दिव्यांगजनों और विधवा महिलाओं को अब हर महीने 400 रु की जगह 1100 रु पेंशन मिलेगी। सभी लाभार्थियों को जुलाई महीने से पेंशन बढ़ी हुई दर पर मिलेगी। सभी लाभार्थियों के खाते में यह राशि महीने की 10 तारीख को भेजना सुनिश्चित किया जाएगा। इससे 1 करोड़ 9 लाख 69 हजार 255 लाभार्थियों को काफी मदद मिलेगी।




चूहा- सुनती हो, पाकिस्तान ने डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया है।

चुहिया- हां जी, पाकिस्तान नमक का कर्ज छूट रहा है..!

## गांव में डायरिया का प्रकोप, 1 युवक की मौत, 4 की हालत गंभीर

**बालोद**, 21 जून (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के बालोद जिले के ग्राम तरौदा में डायरिया के कारण युवक मोहित निसाद की मौत हो गई. जिला अस्पताल में भर्ती चार अन्य मरीजों की हालत गंभीर है. वहीं, गांव में 15 अन्य प्रभावितों का इलाज स्थानीय स्वास्थ्य शिविर में चल रहा है, जिन्हें प्राथमिक लक्षणों के आधार पर निगरानी में रखा गया है।



जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर आ गया है. डॉक्टर्स की टीम गांव पहुंची और तत्काल राहत व उपचार के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाया गया. ग्रामीणों का प्राथमिक जांच और उपचार तेजी से किया जा रहा है. सीएमएचओ महेश सूर्यवंशी ने बताया कि गांव में दूषित पानी से डायरिया फैला है. स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव में शिविर लगाया है. जहां लोगों का इलाज जारी है. लोगों से सतर्क रहने और उबालकर पानी पीने की अपील की है. बता दें कि साफ पेयजल और पर्याप्त स्वच्छता व सफाई के जरिए डायरिया रोग के एक महत्वपूर्ण अनुपात को रोका जा सकता है।

## नहीं रुकेगी इजराइल-ईरान जंग! घंटों चली कूटनीतिक वार्ता विफल

**नई दिल्ली**, 21 जून (न्यूज चैनल)। इजराइल और ईरान के बीच लड़ाई रोकने के उद्देश्य से घंटों चली कूटनीतिक वार्ता विफल रही। यूरोपीय मंत्रियों और ईरान के शीर्ष राजनयिक के बीच शुक्रवार को जिनेवा में चार घंटे तक बैठक हुई। ठीक इसी समय राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप युद्ध में अमेरिकी सेना के हस्तक्षेप पर विचार कर रहे थे और परमाणु रिएक्टरों पर संभावित हमलों को लेकर चिंताएं बढ़ गई थीं।

## पाक ने ट्रंप को नोबेल पुरस्कार के लिए किया नामांकित

**नई दिल्ली**, 21 जून (न्यूज चैनल)। पाकिस्तान ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को ''हालिया भारत-पाकिस्तान संकट के दौरान उनके निर्णायक कूटनीतिक हस्तक्षेप और महत्वपूर्ण नेतृत्व के लिए 2026 में नोबेल शांति पुरस्कार मिलना चाहिए। ट्रंप बार-बार संघर्ष को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का श्रेय लेते रहे हैं, भले ही भारतीय अधिकारी इससे सहमत नहीं हों। ट्रंप से शुक्रवार को नोबेल के बारे में पूछा गया था, जिसके बाद पाकिस्तान की ओर से उन्हें नोबेल पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया। ट्रंप ने कहा कि उन्हें कई कारणों से यह पुरस्कार दिया जाना चाहिए, जिसमें भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव को कम करने में उनका काम और एक संधि की व्यवस्था करना शामिल है। उन्होंने कहा कि सोमवार को कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य और रवांडा के बीच शत्रुता समाप्त करने के लिए हस्ताक्षर किए जाएंगे। राष्ट्रपति ने कहा, ''मुझे यह चार या पांच बार मिलना चाहिए था। उन्होंने कहा, ''लेकिन, वे मुझे नोबेल शांति पुरस्कार नहीं देंगे क्योंकि वे इसे केवल उदारवादियों को देते हैं। ट्रंप ने कहा है कि उन्हें भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रोकने या रूस-यूक्रेन और इजराइल-ईरान संघर्षों में उनके प्रयासों के लिए नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलेगा। ट्रंप ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा, ''मैं चाहे कुछ भी करूं, लेकिन मुझे नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने पोस्ट की शुरुआत इस बात से की कि उन्हें यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि वह विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ मिलकर कांगो और रवांडा के बीच संघर्ष रोकने के वास्ते एक अद्भुत संधि करा रहे हैं।

## अब कृषि भूमि पर भी बसाई जा सकेंगी कॉलोनियां : मुख्यमंत्री

**रायपुर**, 21 जून (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में हर परिवार को पक्का घर देने के लक्ष्य को साकार करने के लिए विष्णुदेव साय सरकार नई अफोर्डेबल हाउसिंग पॉलिसी ला रही है. इसका उद्देश्य गरीब और मध्यम वर्ग को सस्ते मकान और भूखंड उपलब्ध कराना है. इसमें निजी डेवलपरों और बिल्डरों को भी नई नीति में छोटे भूखंडों की प्लॉटिंग की अनुमति दी जाएगी. राज्य मंत्रिमंडल द्वारा छत्तीसगढ़ किफायती जन आवास नियम 2025 को मंजूरी दी जा चुकी है. छत्तीसगढ़ राजपत्र में अधिसूचना के प्रकाशन के साथ ही यह नया नियम राज्य में लागू जाएगा।

बताया गया है कि निम्न व मध्यमवर्गीय परिवारों को किफायती व सस्ते भूखंड उपलब्ध कराने के लिए वर्तमान में विशेष प्रावधान नहीं के कारण अवैध प्लॉटिंग में तेजी से वृद्धि हुई है. इसके मद्देजनर छत्तीसगढ़ किफायती जन आवास नियम 2025 तैयार किया गया है. नए नियम के तहत आवासीय कॉलोनी विकसित करने के लिए सामुदायिक खुला स्थान में 5 प्रतिशत व न्यूनतम क्षेत्रफल में 200 वर्गमीटर की छूट दी जाएगी. यानी सामुदायिक खुला स्थान 10 प्रतिशत की



साय सरकार का बड़ा फैसला

जगह अब 5 प्रतिशत छोड़ना पड़ेगा, जो 250 वर्गमीटर से कम नहीं होगा. वहीं, आवासीय व कृषि दोनों ही भूमियों पर कॉलोनी विकसित करने की अनुमति दी जाएगी. पहले केवल आवासीय भू-उपयोग में ही आवासीय कॉलोनी तथा एकीकृत उपनगर कृषि भूउपयोग में अनुज्ञेय थी. आवासीय कॉलोनी के लिए अब एकल अथवा संयुक्त आवेदन प्रस्तुत किया जा सकेगा. इससे पहले भूमिस्वामी अथवा पट्टेदार ही आवेदन कर सकते थे. अब संयुक्त आवेदन का प्रावधान जोड़ा गया है।

आवासीय भूखंडीय विकास के लिए क्षेत्रफल न्यूतनतम 2 से अधिकतम 10 एकड़ का प्रावधान रखा गया है. वहीं, भूखंडीय सहप्रकोष्ठ विकास के लिए न्यूनतम क्षेत्रफल 3.25 एकड़ (न्यूनतम 1.25 एकड़ प्रकोष्ठ विकास के लिए निगमित) का प्रावधान है. प्रति प्रकोष्ठ इकाई का आकार अधिकतम 90 वर्गमीटर रहेगा. भूखंड के सामने विद्यमान मुख्य मार्ग की चौड़ाई 9 मीटर व भवन की अधिकतम ऊंचाई 12 मीटर (स्टील्ट पार्किंग को छोड़कर) होगी. अधिकतम तलों की संख्या पार्किंग सहित 4 होगी. एफएआर 1.5 निर्धारित है। छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) ने भी छत्तीसगढ़ किफायती जन आवास नियम 2025 पर अपनी सहमति दी है. देश में 90 प्रतिशत आवासों की कमी कमजोर व निम्न आय वर्ग के परिवारों के लिए पाई गई है. ये वर्ग विकसित कॉलोनियों में आवास क्रय नहीं कर पाते और शहर के आसपास अवैध कॉलोनियों में सस्ती दर पर प्लाट क्रय करने के लिए मजबूर होते हैं. अवैध कॉलोनियों में रहवासियों को मूलभूत सुविधाओं के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है. किफायती जन आवास नियम से इन वर्गों को सस्ती दर पर आवास व भूखंड उपलब्ध हो सकेगा।

CMYK